लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

प्रेस विज्ञप्ति

वर्ष 2022 के स्नातक, स्नातकोत्तर, पी0एच0डी0, डी0लिट0, उपाधि तथा मेडल प्राप्त करने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि लखनऊ विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह दिनांक 21-01-2023 दिन शनिवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लखनऊ विश्वविद्यालय, द्वितीय परिसर, जानकी पुरम, लखनऊ में सम्पन्न होगा। इस अवसर पर समस्त उपाधि एवं मेडल धारक छात्र/छात्राओं को निर्धारित परिधान पहन कर उपाधि व मेडल प्राप्त करने होंगे।

अतः उपरोक्त समस्त छात्र/छात्राओं को शैक्षिक परिधान दिनांक 19-01-2023 एवं 20-01-2023 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 03:00 तक विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर, कुलानुशासक कार्यालय के कक्ष में वितरण हेतु उपलब्ध होगा। इन दिवसों में रू0 350/- अंगवस्त्र हेतु तथा निर्धारित परिधान कुर्ता पैजामा हेतु रू0 450/- कैशियर कार्यालय, द्वितीय परिसर में जमा कर पावती प्राप्त करनी होगी। तदुपरान्त उक्त पावती सम्बन्धित वितरणकर्ता को प्रदान कर उक्त अंगवस्त्र/परिधान प्राप्त करने होंगे।

दीक्षान्त समारोह के सम्पन्न होने के उपरान्त उक्त अंगवस्त्र/परिधान वितरणकर्ता को दिनांक 21-01-2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक एवं दिनांक 22-01-2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक वापस कर जमा शुल्क रसीद की प्रति प्राप्त कर रसीद को कैशियर कार्यालय, द्वितीय परिसर में प्रस्तुत करना होगा। इस जमा शुल्क से रू0 60/- अंगवस्त्र हेतु तथा रू0 90/- परिधान शुल्क (कुल धनराशि रू0 150/- मेन्टीनेन्स चार्जेज के रूप में) काटकर शेष रू0 650/- का भुगतान छात्र/छात्राओं को कर दिया जायेगा। अभ्यर्थी द्वारा अंगवस्त्र/परिधान उपरोक्त तिथि तक वापस नहीं करने की स्थिति में जमा जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी।

समस्त उपाधि/पदक प्राप्तकर्ता दिनांक 21-01-2023 को पूर्वान्ह 10:00 बजे तक दीक्षान्त हॉल में अवश्य स्थान ग्रहण कर लें।

13-1-23

(संजय मेधावी)
कुलसचिव

संख्याः– H-956-75 दिनांकः– 13/1/23

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1- निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2- प्रो0 अवधेश कुमार त्रिपाठी, अधिष्ठाता, महाविद्यालय परिषद, संयोजक, वस्त्र एवं परिधान समिति, दीक्षान्त समारोह 2022।
3- समस्त संकायाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4- निदेशक, आई0पी0पी0आर0 ल0वि0वि0 को जनसूचनार्थ प्रेषित।
5- वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6- वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव, कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
7- लेखा अधिकारी, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि वह छात्रों के परिधान शुल्क जमा करावाने के संबंध में विज्ञप्ति के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।
8- प्रभारी, वेबसाइट, ल0वि0वि0 को इस आशय के साथ प्रेषित कि प्रस्तुत विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
9- यूनिवर्सिटी टेलर्स एण्ड ड्रेपर्स, 25/111, शक्ति नगर, दिल्ली-110007 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वह उपरोक्तानुसार वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
10- सहायक कुलसचिव, सामान्य प्रशासन, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

कुलसचिव